Chapter- 3

# मुल्ला का लगान

## STUDY NOTES

**विषय सारांश:**

- एक बार बादशाह ने मंत्री से राज्य का हिस्साब-किताब माँगा तो उन्हे पता चला कि अब तक मुल्ला नसीरूद्दीन ने लगान का एक पैसा भी नहीं दिया है।
- बादशाह ने हुक्म दिया कि मुल्ला के यहाँ जो भी फ़सल तैयार हो उसका आधा भाग ले लिया जाए।
- मुल्ला को यह पता चला तो उन्होंने सोचा मेहनत मैं करूँ और फ़सल का आधा भाग मौलाना ले ले - यह कहाँ का न्याय है।
- जब मुल्ला की फ़सल तैयार हुई तब मौलाना आधा भाग लेने पहुँच गया।
- मुल्ला ने उन्हें पूछा कि वे ज़मीन के ऊपर वाला भाग लेंगे या ज़मीन के नीचे वाला भाग?
- मौलाना ने ज़मीन के ऊपर वाला भाग माँगा।
- मुल्ला ने प्याज़-बोई थी जो कि ज़मीन के अंदर उगती है इसलिए मौलाना को कुछ नहीं मिला।
- दूसरी बार जब फ़सल तैयार हुई और मौलाना पहुँचे तो मुल्ला ने फिर से वही सवाल किया।
- इस बार मौलाना ने ज़मीन के नीचे वाला भाग माँगा।
- इस बार मुल्ला ने गेहूँ बोए थे। इसलिए इस बार भी मौलाना को कुछ नहीं मिला।
- इस प्रकार मुल्ला ने अपनी बुद्धि से मौलाना जैसे उच्च पदवी के अधिकारी को हरा दिया।

**अभ्यास के लिए:**

**मौखिक-**

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बादशाह | नाराज़ | फ़सल | मेहनत |
| बुद्धि | खुदा | ज़रूरत | ज़्यादा |

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

२. कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए।

क) बादशाह ने मंत्री से क्या माँगा ?

उ: बादशाह ने मंत्री से राज्य का हिस्साब माँगा।

ख) बादशाह मौलाना साहब से नाराज़ क्यों हुए ?

उ: बादशाह मौलाना साहब से नाराज़ इसलिए हुए क्योंकि आजतक मौलाना साहब ने कभी भी मुल्ला नसीरूद्दीन की फ़सल का लगान वसूल नहीं किया था।

ग) मुल्ला के पास देने के लिए क्या नहीं था ?

उ: मुल्ला के पास देने के लिए मोहरें नहीं थे।

घ) प्याज़ कहाँ होती है ?

उ: प्याज़ ज़मीन के नीचे होती है।

ङ) गेहूँ कहाँ होते हैं ?

उ: गेहूँ ज़मीन के ऊपर होते हैं।

**लिखित :**

१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) मौलाना ने नसीरूद्दीन के लगान न देने का क्या कारण बताया ?

उ: मौलाना ने नसीरूद्दीन के लगान न देने का कारण यह बताया कि जब भी नसीरूद्दीन से लगान माँगा जाता है उसके पास देने के लिए मोहरें नहीं होती।

ख) बादशाह का आदेश सुनकर मुल्ला को कैसा लगा ?

उ: बादशाह का आदेश सुनकर मुल्ला को बुरा लगा। उसने सोचा मेहनत मैं करूँ और फ़सल का आधा भाग मौलाना ले-ले, यह कहाँ का न्याय है ?

ग) मुल्ला ने मौलाना से फ़सल का आधा भाग माँगने पर क्या पूछा ?

उ: मुल्ला ने मौलाना से फ़सल का आधा भाग माँगने पर यह पूछा कि वे फ़सल का ज़मीन के ऊपर वाला हिस्सा लेंगे या ज़मीन के नीचे वाला हिस्सा ?

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

घ) क्या मौलाना को फ़सल का आधा भाग मिला ?

उ: नहीं, मौलाना को फ़सल का आधा भाग नहीं मिला। क्योंकि जब मौलाना ने फ़सल का ज़मीन के ऊपरवाला हिस्सा माँगा तब फ़सल ज़मीन के नीचे उगी थी और जब मौलाना ने फ़सल का नीचे वाला हिस्सा माँगा तब फ़सल ज़मीन के ऊपर उगी थी।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।

क) युक्ति से किसी भी बलवान व्यक्ति को हराया जा सकता है। कहानी के आधार पर लिखिए। (मूल्यपरक प्रश्न)

उ: युक्ति अर्थात् तरकीब, कौशल, उपाय आदि इससे संसार में किसी भी व्यक्ति को हराया जा सकता है। इससे किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। बल से हम शारीरिक रूप से कठिन कार्य कर सकते हैं परंतु युक्ति से किसी भी कठिन परिस्थिति से बाहर निकल सकते हैं। कहानी में मुल्ला नसीरूद्दीन एक साधारण आदमी था परंतु अपनी सूझ-बूझ और युक्ति द्वारा मौलाना जैसे उच्च पदवी पर स्थित राजकर्मचारी को हरादिया। जिसके पास युक्ति है वह ही जीतता है।

ख) 'बुद्धि अथवा अधिकार' में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों ?

उ: बुद्धि से शक्तिशाली से शक्तिशाली व्यक्ति को भी हराया जा सकता है। बुद्धि द्वारा हम किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं। यह हमें अधिकार प्राप्त करने में सहायक होती है। अधिकार द्वारा हम अपने आप को बुद्धिमान प्रमाणित नहीं कर सकते। जिसमें बुद्धि की कमी होती है, उसे अगर अधिकार मिल जाए तो वह ज्यादा दिन तक उसे नहीं रख सकता। इसलिए बुद्धि ही श्रेष्ठ है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

**भाषा ज्ञान**

१. पढ़िए और समझिए।

मौलाना किसी भी तरकीब से लगान वसूल नहीं कर पाए, इसलिए अंत में हाथ मलकर रह गए। 'हाथ मलना' एक मुहावरा है। 'हाथ मलना' जैसे ही 'हाथ' शब्द से बने कई और मुहावरे भी हैं; जैसे-

- हाथ में न आना - पकड़ में न आना
- हाथों-हाथ लेना - बहत जल्दी होना
- हाथ में खुजली होना - धन प्राप्ति होने की आशा
- हथेली पर जान रखना - जान की परवाह ना करना
- हाथों के तोते उड़ना - स्तब्ध होना
- चाँद हथेली पर - असंभव चीज़ पाना

२. पाठ में कुछ शब्द उर्दू भाषा के आए हैं; जैसे- खबर, ज़मीन, साफ़ आदि। आपको कौन-कौन-से उर्दू शब्द पता हैं? लिखिए।

अकल उम्मीद

अखबार किताब

चीज़ कानून

ज़िन्दगी कीमत

ज़हर खून

३. निम्नलिखित शब्दों के दो अलग-अलग अर्थ हैं, इनके अर्थ समझकर वाक्य बनाइए।

क) भाग → हिस्सा- १. ज़मीन का आधा भाग रामू का है।
→ दौड़ना- २. पुलिस को देखकर चोर भाग गया।

ख) कल → बीता हुआ दिन- १. कल हम घूमने गए थे।
→ आने वाला दिन- २. मेरे पिताजी कल आएँगे।

ग) कर → लगान- १. हम सरकार को भू कर देते है।
→ कार्य करना- २. मैने अपना काम कर दिया।

घ) उत्तर → जवाब- १. मोहन ने शिक्षक के प्रश्नों का सही उत्तर दिया।
→ एक दिशा- २. हमारे घर के उत्तर मे एक नदी बहती है।

४. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों पर गोला ◯ लगाइए।

क) आनंद पैधों को पानी (दे रहा है)।

ख) खेत में फ़सल (उग रही है)।

ग) कमरे में बल्ब (जल रहा है)।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

घ) माँ कपड़े (धो रही है) ।

ङ) दादी पलंग पर आराम (कर रही हैं) ।

५. उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

| | |
|---|---|
| क) कुणाल टी.वी. देख रहा है। | (सुन / देख) |
| ख) अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं। | (सुला / पढ़ा) |
| ग) कोयल आम के पेड़ पर बैठी है। | (सोती /बैठी) |
| घ) मनीष जल्दी-जल्दी खा रहा है। | (सो / खा) |
| ङ) बगीचे में फूल खिल रहे हैं। | (खिल / मिल) |

♦♦♦